भारत सरकार

परिणाम बजट

2010 - 2011

जल संसाधन मंत्रालय

विषय सूची

अध्याय/पैरा सं.	पहलू	पृष्ठ
	कार्यकारी सार	**1-3**
I	**मंत्रालय/विभाग, संगठनात्मक ढांचे के कार्यों के संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पण, मंत्रालय/विभाग द्वारा क्रियान्वित किए गए प्रमुख कार्यक्रम/स्कीमों की सूची, इसका अधिदेश, लक्ष्य और नीतिगत ढांचा**	**4-9**
II	**परिव्यय और परिणामों/लक्ष्यों का विवरण, वार्षिक योजना परिणाम 2010-2011**	**10-19**
III	**सुधारात्मक उपाय और नीति उपक्रम**	**20**
IV	**पिछले निष्पादन की समीक्षा**	**21**
V	**समग्र वित्तीय समीक्षा**	
	वित्तीय वर्ष 2009-10 में व्यय का रूझान	**22**
	बजट एक झलक	**22-29**
	उपयोगिता प्रमाणपत्र	**30**
VI	**सांविधिक/स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्य निष्पादन की समीक्षा**	
	सांविधिक निकाय:	
6.1.1-6.1.7	ब्रह्मपुत्र बोर्ड	**31-32**
6.2.1	रावी और व्यास जल अधिकरण	**32**
6.3.1	कावेरी जल विवाद अधिकरण	**32-33**
641.6.4.4	कृष्णा जल विवाद अधिकरण	**33**
	स्वायत्त निकाय (सोसाइटीज):	
6.5.1-6.5.6	राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण	**34-35**
6.6.1-6.6.6	राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान	**35-37**

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम:

6.7.1-6.7.7	जल एवं विद्युत परामर्शी सेवाएं (भारत) लिमिटेड	**37-40**
6.8.1-6.8.5	राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड	**40-41**

<u>अनुलग्नक</u>

I	2008-09 के दौरान कार्य निष्पादन	**42-49**
II	2009-10 के दौरान कार्य निष्पादन	**60**
III	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम और राष्ट्रीय परियोजना	**61-62**
IV	XIवीं योजना परिव्यय की तुलना में जल संसाधन मंत्रालय का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण	**63**

कार्यकारी सार

इस मंत्रालय का परिणामी बजट 2010-2011 वित्त मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों में निहित व्यापक प्रारूप के अनुसार तैयार किया गया है । इस बजट में वित्त वर्ष 2008-09 में वास्तविक निष्पादन दर्शाते हुए वित्त बजट के वास्तविक पक्षों वित्त वर्ष 2009-1020 के प्रथम 9 माह तथा 2010-11के दौरान लक्षित निष्पादन को रेखांकित किया गया है । इस बजट में मंत्रालय के विभिन्न पहलुओं को समाहित करते हुए निम्नलिखित अध्याय हैं:-

अध्याय	शामिल पहलू
I	यह मंत्रालय के कार्यों, संगठनात्मक ढांचा, आयोजना और नीतिगत ढांचे तथा मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों/स्कीमों का संक्षिप्त परिचय देता है । संक्षेप में भारत सरकार में जल संसाधन मंत्रालय जल को एक राष्ट्रीय संसाधन के समग्र विकास,संरक्षण और प्रबंधन, इस संबंध में विभिन्न जल प्रयोगों के समन्वय सहित समग्र राष्ट्रीय परिदृश्य के लिए नीतिगत दिशानिर्देश तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्री तथा सचिव और एक विशेष सचिव की अध्यक्षता में मंत्रालय का संगठन प्रशासन स्कन्ध,समन्वय स्कन्ध, वित्त स्कन्ध और नौ तकनीकी स्कन्धों के अंतर्गत किया जाता है । इस मंत्रालय के दो संबद्ध कार्यालय, सात अधीनस्थ कार्यालय, सात सांविधिक निकाय, दो स्वायत्त निकाय (सोसायटीज) और दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं । XIवीं पंचवर्षीय योजना की 58 स्कीमों की तुलना में ग्यारहवीं योजना अवधि के लिए विभिन्न कार्यक्रमों/स्कीमों के अधीन इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित/मानीटर की जा रही गतिविधियों को 15 केन्द्रीय क्षेत्र, और 05 राज्य क्षेत्र स्कीमों (सी ए डी एवं डब्ल्यू एम की एक केन्द्रीय सहायता प्राप्त स्कीम 2008-09 से राज्य क्षेत्र में डाल दी गई है) में मिला दिया गया है ।
II	इसमें सारणीबद्ध प्रारूप है जिसे बजट प्राक्कलन 2010-2011 के विवरण (एसबीई) के "ऊर्ध्वाधर संक्षेपण और क्षैतिज विस्तार" के रूप में देखा जा सकता है । इसका मुख्य उद्देश्य वित्तीय बजट 2010-2011 और परिणामी बजट 2010-2011 के बीच क्रमवार सामंजस्य स्थापित करना है। इस ब्यौरे में वित्तीय परिव्यय, प्रक्षेपित परिणाम और प्रक्षेपित/बजटीय परिणाम (अंतरमध्यस्थ, आंशिक और अंतिम, जैसा भी मामला हो) शामिल हैं ।
III	इसमें मंत्रालय द्वारा किये गये सुधार उपाय और नीतिगत कार्यों तथा सार्वजनिक निजी भागीदारी, वैकल्पिक वितरण तंत्र, सामाजिक और लिंग सशक्तीकरण प्रक्रिया बेहद विकेन्द्रीकरण, पारदर्शिता इत्यादि जैसे क्षेत्रों में अंतरवर्ती परिणाम और निर्णायक परिणामों से किस तरह इन्हें जोड़ा जाये, का विवरण दिया गया है ।
IV	इसमें अंतर के कारणों से वास्तविक निष्पादन का स्कीमवार विश्लेषण; अलग-अलग कार्यक्रमों/स्कीमों के क्षेत्र और उद्देश्यों की व्याख्या, 2008-09 के दौरान तथा 2009-10 की तीसरी तिमाही तक वास्तविक लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्यौरा दर्शाया गया है।
V	इसमें हाल के वर्षों में बजट अनुमानों और संशोधित अनुमानों की तुलना में व्यय की समग्र प्रवृत्तियों को समाहित करते हुए वित्तीय समीक्षा दी गई है । इस अध्याय में

बकाया उपयोगी प्रमाणपत्रों और राज्यों और क्रियान्वयन अभिकरणों के पास खर्च न हुई बकाया राशि की स्थिति का ब्यौरा दिया गया है ।

VI इस अध्याय में इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सांविधिकि/स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के निष्पादन की समीक्षा दी गई है ।

2. मंत्रालय ने 1987 में राष्ट्रीय जल नीति अपनाई और इसे बाद में संशोधित कर दिया गया । संशोधित राष्ट्रीय जल नीति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद द्वारा 1 अप्रैल, 2002 को इसकी 5वीं बैठक में अपनाई गई ।

3. जल संसाधन मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय केन्द्रीय जल आयोग मुख्य केन्द्रों पर जलवैज्ञानिक प्रेक्षणों से संबंधित विशिष्ट गतिविधियां, अभिज्ञात परियोजनाओं, विशेषत: पूर्वोत्तर क्षेत्र में, सर्वेक्षण और अन्वेषण, जल संसाधन परियोजनाओं और बाढ़ पूर्वानुमान की आयोजना, डिजाइन और मूल्यांकन में राज्यों की सहायता करता है । केन्द्रीय जल आयोग अपने विभिन्न मानीटरिंग निदेशालयों और क्षेत्र संरचनाओं के माध्यम से चयनित चालू वृहद, मध्यम और विस्तार, पुनरूद्धार और आधुनिकीकरण (ईआरएम) सिंचाई परियोजनाओं की सामान्य मानीटरिंग करता है । आयोग मुख्य रूप से त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) और कमान क्षेत्र विकास परियोजनाओं के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता प्राप्त कर रही वृहद मध्यम और चुनिंदा लघु सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन की मानीटरिंग करता है । मानीटरी के एक भाग के रूप में सी डब्ल्यू सी के अधिकारियों द्वारा नियमित आधार पर इन परियोजनाओं का दौरा किया जाता है । इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलापों की मानीटरिंग करने के लिए इस मंत्रालय के कमान क्षेत्र विकास स्कंध के अधिकारियों द्वारा कमान क्षेत्र विकास परियोजनाओं का भी दौरा किया जाता है ।

4. जल संसाधन मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के मुख्य कार्यकलापों में भू जल प्रबंधन अध्ययन, भूजल प्रबोधन, भूभौतिकी अध्ययन, अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग, कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन अध्ययन, दूर संवेदी अध्ययन, जल गुणवत्ता विश्लेषण, अल्पकालिक जल आपूर्ति, अन्वेषण, भूजल विकास का विनियमन, जन जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल है । भूजल प्रबंधन और विनियमन की स्कीम के तहत वर्ष 2009-10(31 दिसम्बर, 2009 तक) के दौरान मुख्य उपलब्धियों में भूजल प्रबंधन अध्ययन के अंतर्गत मानसून पूर्व की अवधि में 1.52 लाख वर्ग किमी.82843 वर्ग कि. मी. तथा मानसून पश्चात् की अवधि में का क्षेत्र, भूभौतिकी एवं दूरसंवेदी अध्ययनों की सहायता से वैज्ञानिक भू जल अन्वेषण कार्यक्रम के तहत 495 कुओं की खुदाई, 15640 भूजल प्रेक्षण कुओं में भूजल का प्रबोधन, रक्षा और अन्य विभागों के लिए 80 जल आपूर्ति अन्वेषण तथा विभिन्न रिपोर्टें तैयार करना शामिल है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, और कर्नाटक में "भूजल में कृत्रिम पुनर्भरण एवं वर्षा जल संचयन" संबंधी 5 प्रदर्शनात्मक पुनर्भरण परियोजनाएँ आरंभ की गई हैं। 7 राज्यों अर्थात आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, और मध्य प्रदेश में 1798.71 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से "डगवेलों के माध्यम से भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण की स्कीम का कार्यान्वयन किया जा रहा है

जिसमें से सब्सिडी घटक 1499.27 करोड़ रूपए है । इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य 7 राज्यों में अतिदोहित/गंभीर/अर्द्धगंभीर क्षेत्रों में भूजल संसाधनों का सवर्द्धन करना है ।

5. संबंधित क्रियान्वयन अभिकरणों के साथ आवधिक व्यय समीक्षा बैठकों के माध्यम से मंत्रालय द्वारा विभिन्न केन्द्रीय क्षेत्र/केन्द्र प्रायोजित स्कीमों के संबंध में वित्तीय प्रगति की मानीटरी की जाती है ।

6. मंत्रालय के अंतर्गत अन्य संगठनों जैसे केन्द्रीय मृदा और सामग्री अनुसंधानशाला, केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधानशाला, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान आदि जैसे संगठन अन्य बातों के साथ-साथ जल संसाधन क्षेत्र के अनुसंधान और विकास कार्यकलापों में जुटे हुए हैं ।

7. सूचना, शिक्षा तथा संचार स्कीम के अंतर्गत, समूह तौर पर जल संसाधनों के अधिकतम विकास तथा प्रबंधन के महत्व के बारे में विभिन्न लक्ष्य, समूहों के बीच जागरूकता लाने की दृष्टि से मंत्रालय और इसके संगठनों में जन जागरूकता कार्यकलाप किए जाते हैं। समिति, कार्यकलापों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने तथा समय पर सुधारात्मक उपाय और सुधार संबंधी कार्रवाई करने के लिए समय समय पर मीडिया योजना की समीक्षा करती है ।

8. मंत्रालय तथा इसके संबंधित संगठनों द्वारा जल संसाधन विकास स्कीम के अन्वेषण की नियमित रूप से निगरानी की जाती है । वित्तीय प्रगति की निगरानी मासिक तथा वास्तविक प्रगति की निगरानी तिमाही की जाती है । इस संबंध में, प्रगति के बारे में आम जनता को अवगत कराने के लिए मंत्रालय के अधीन संबंधित संगठन संबंधित वेबसाइटों पर उपलब्धि की तुलना में वास्तविक वित्तीय लक्ष्यों के ब्यौरों को प्रस्तुत कर रहे हैं तथा इसे नियमित रूप से अद्यतन कर रहे हैं।

अध्याय -1

मंत्रालय/विभाग, संगठनात्मक ढांचे के कार्यों के संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पण, मंत्रालय/विभाग द्वारा क्रियान्वित किए गए प्रमुख कार्यक्रम/स्कीमों की सूची, इसका अधिदेश, लक्ष्य और नीतिगत ढांचा

परिचय

1.1 जल संसाधन मंत्रालय, जल के विभिन्न उपयोग में समन्वय स्थापित करने के साथ ही समग्र राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल के पूर्ण विकास, संरक्षण और प्रबंधन करने तथा इससे संबंधित संपूर्ण राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तैयार करने और उनमें समन्वय स्थापित करने के लिए उत्तरदायी है ।

1.2 **इस मंत्रालय की भूमिका तथा कार्य नीचे दिए गए अनुसार हैं;**

1) राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल का विकास, संरक्षण और प्रबंधन; जल के विविध उपयोगों के संबंध में जल आयोजना का समग्र राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तथा समन्वय ।
2) राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद ।
3) सामान्य नीति, तकनीकी सहायता, अनुसंधान और विकास प्रशिक्षण तथा बहुउद्देशीय, वृहद, मध्यम, लघु तथा आपातिक सिंचाई कार्यों सहित सिंचाई से संबंधित सभी मामले; नौवहन तथा जलविद्युत के लिए हाइड्रोलिक संरचनाएं; नलकूप तथा भूजल अन्वेषण तथा उपयोग ; भूजल संसाधनों की सुरक्षा तथा परिरक्षण; सतही और भूजल का संयुक्त उपयोग, कृषि प्रयोजन के लिए सिंचाई, जल प्रबंधन, कमान क्षेत्र विकास; जलाशय एवं जलाशय अवसादन का प्रबंधन; बाढ़ (नियंत्रण) प्रबंधन, जल निकास, सूखारोधी; जल जमाव और समुद्र कटावरोधी समस्याएं; बांध सुरक्षा ।
4) अंतर्राज्यीय नदियों तथा नदी घाटियों का विनियमन और विकास । स्कीमों, नदी बोर्डों के माध्यम से अधिकरणों के पंचाटों का कार्यान्वयन ।
5) जल कानून, विधान ।
6) जल गुणवत्ता आकलन ।
7) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा (समूह क) का संवर्ग नियंत्रण एवं प्रबंधन ।
8) जल संसाधन विकास तथा प्रबंधन, जल निकास और बाढ़ नियंत्रण से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय गठन, आयोग तथा सम्मेलन ।
9) अंतर्राष्ट्रीय जल कानून ।
10) भारत तथा पड़ोसी देशों की साझी नदियों से संबंधित मामले, बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग, सिन्धु जल संधि 1960; स्थाई सिन्धु आयोग ।
11) जल संसाधन विकास के क्षेत्र में द्विपक्षीय तथा बाह्य सहायता एवं सहयोग कार्यक्रम ।

1.3 मंत्रालय की उपरोक्त नीतियां और कार्यक्रम मंत्रालय के निम्न संगठनों/संस्थाओं द्वारा पूरे किए जाते हैं :

संबद्ध कार्यालय

1. केन्द्रीय जल आयोग
2. केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधानशाला

अधीनस्थ कार्यालय

1. केन्द्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केन्द्र
2. केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड
3. फरक्का बैराज परियोजना
4. गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग
5. बाण सागर नियंत्रण बोर्ड
6. सरदार सरोवर निर्माण सलाहकार समिति
7. ऊपरी यमुना नदी बोर्ड

सांविधिक निकाय

1. ब्रह्मपुत्र बोर्ड
2. बेतवा नदी बोर्ड
3. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण
4. तुंगभद्रा बोर्ड
5. रावी और व्यास जल अधिकरण
6. कावेरी जल विवाद अधिकरण
7. कृष्णा जल विवाद अधिकरण

स्वायत्त निकाय (सोसाइटी)

1. राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण
2. राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

1. जल एवं विद्युत परामर्शी सेवाए (भारत) लिमिटेड
2. राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड

1.4 यह मंत्रालय 2009-10 के दौरान 15 केन्द्रीय क्षेत्र, और 5 राज्य क्षेत्र स्कीमो का कार्यान्वयन/निगरानी कर रहा है । नीचे केन्द्रीय क्षेत्र स्कीमों का संक्षिप्त सिंहावलोकन दिया गया है :

1.4.1 जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास : इस स्कीम का उद्देश्य एक जल संसाधन प्रणाली का विकास करना और इसे शीघ्रतिशीघ्र प्रचालनात्मक बनाना है । जल संसाधनों का प्रबंधन एक अत्यधिक जटिल कार्य है जिसमें आंकड़ा प्राप्ति, अंकीय मॉडलिंग, इष्टतमीकरण, आँकड़ा वेयर हाउसिंग और सामाजिक-आर्थिक, पर्यावरणीय और विधिक मुद्दों सहित बहुविषयक क्षेत्र शामिल हैं। मानव जीवन में जल की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए जल प्रणालियों की बेहतर डिजाइन और अधिकतम उपयोग किए जाने की आवश्यकता है । इस संबंध में एक युक्तिसंगत विश्लेषण किया जाना चाहिए जो कि इस दृष्टिकोण पर आधारित हो कि सभी संबंधित कारणों और प्रभावों पर विचार किया जाए और विभिन्न विकल्पों का क्रमबद्ध मूल्यांकन किया जाए । जल संसाधन सूचना प्रणाली संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

1.4.2 जल विज्ञान II परियोजना : जल विज्ञान II परियोजना, चरण-I (एच पी-I) का उद्देश्य जल वैज्ञानिक सूचना प्रणाली (एच आई एस) के विकास हेतु संस्थानिक व्यवस्थाएँ, तकनीकी योग्यताएँ तथा सुविधाओं में सुधार करना था। एच पी-I, के अनुवर्तन स्वरूप जल संसाधनों की आयोजना तथा प्रबंधन से संबंधित सार्वजनिक तथा निजी सभी संभावित प्रयोक्ताओं द्वारा एच आई एस के निरंतर एवं प्रभावी उपयोग का विस्तार एवं संवर्धन करने के उद्देश्य से जल विज्ञान परियोजना चरण-II (एच पी-II) आरंभ की गई है जिससे एच पी-II परियोजना के तहत् शामिल 13 राज्यों तथा 8 केंद्रीय अभिकरणों में बढ़ी हुई उत्पादकता तथा लागत प्रभावी जल संबंधी निवेशों में वृद्धि हुई। यह विश्व बैंक सहायता प्राप्त परियोजना है ।

1.4.3 जल संसाधन विकास स्कीम का अन्वेषण : इसमें दो संघटक उदाहरणार्थ " एन डब्ल्यू डी ए द्वारा नदी संपर्क प्रस्तावों का अन्वेषण " तथा "सी डब्ल्यू सी द्वारा जल संसाधनों/बहुउद्देशीय योजना, का अन्वेषण" शामिल हैं। इस स्कीम का उद्देश्य सर्वेक्षण, क्षेत्र अन्वेषण, जल के अंतरबेसिन हस्तांतरण संबंधी स्कीमों तथा उपरोक्त प्रयोजनों को प्राप्त करने के लिए आकस्मिक, अनुपूरक अथवा प्रेरक माने जाने वाले अन्य अध्ययनों तथा क्रियाकलापों को करने सहित विभिन्न जल संसाधन विकास स्कीमों की व्यवहार्यता पूर्व/व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफआरएस) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआरएस) तैयार करने से संबंधित क्रियाकलापों को करना है।

1.4.4 जल क्षेत्र के लिए अनुसंधान और विकास कार्यक्रम : इस स्कीम के उद्देश्य हैं - (i) देश की जल संसाधन संबंधी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान ढूंढ़ना और मौजूदा सुविधाओं की कुशलता में सुधार करने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी और अभियंत्रण विधियों में सुधार करना तथा प्रक्रियाओं विशेषकर अनुसंधान अध्ययनों को शुरू करना, (ii) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सामंजस्य बनाये रखने के लिए प्रमुख संगठनों/संस्थाओं की अनुसंधान सुविधाओं का सृजन करना/ उनका उन्नयन करना, और (iii) जल क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा शुरू किए जाने वाले अनुसंधान कार्य में सहायता करना ।

1.4.5 राष्ट्रीय जल अकादमी : इस स्कीम में ऐसे क्रियाकलाप शामिल होंगे जो कि जल संसाधन विकास विशेषकर एकीकृत नदी बेसिन आयोजना और प्रबंधन के क्षेत्र में राज्य और केन्द्रीय संगठनों में जल संसाधन व्यवसायविदों के प्रशिक्षण से संबंधित हैं ।

1.4.6 सूचना, शिक्षा और संचार : इस स्कीम के मुख्य उद्देश्य हैं - (i) किफायती जल उपायों को अपनाये जाने के लिए राष्ट्रीय जल नीति के सिद्धांतों को बढ़ावा देना, (ii) लोगों के बीच में उपलब्ध जल को उचित ढंग से इस्तेमाल करने की आवश्यकता के संबंध में जागरूकता सृजित करना, (iii) जल की वर्तमान और भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्षा जल संचयन और भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण संबंधी उपायों को अपनाये जाने की आवश्यकता के संबंध में जागरूकता सृजित करना , (iv) जल संतुलन बनाये रखने और लोगों की जल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में पारंपरिक जल निकायों के महत्व पर जोर देना, (v) जल के संरक्षण को एक जन अभियान बनाना तथा नागरिकों को जल बचाने संबंधी विभिन्न उपायों को स्वैच्छिक रूप से अपनाने के लिए प्रेरित करना ।

1.4.7 नदी बेसिन संगठन/प्राधिकरण : इस स्कीम का उद्देश्य जल संसाधनों का विकास एवं उपयोग इस प्रकार करना कि बेसिन और सभी दावाधारकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उपयुक्त विकल्प की पहचान करने के दृष्टिकोण से आवश्यक अध्ययन, मूल्यांकन इत्यादि शुरू करने के लिए सभी सह बेसिन राज्यों के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है।

1.4.8 अवसंरचना विकास : इस स्कीम में भूमि और भवन तथा सूचना और प्रौद्योगिकी विकास से संबंधित क्रियाकलाप शामिल हैं तथा इसमें निम्न से संबंधित क्रियाकलाप शामिल होंगे, (i) केन्द्रीय जल आयोग की भूमि और भवन, (ii) सीजीडब्ल्यूबी की भूमि और भवन, (iii) जल संसाधन मंत्रालय का सूचना प्रौद्योगिकी विकास और (iv) केन्द्रीय जल आयोग के कम्प्यूटरीकरण और सूचना प्रणाली का उन्नयन और आधुनिकीकरण ।

1.4.9 बांध सुरक्षा अध्ययन और आयोजना : इस स्कीम में बांध सुरक्षा संगठन के बांध सुरक्षा और अवसंरचना सुदृढ़ीकरण से संबंधित आवश्यक अध्ययन शुरू करने की योजना है ।

1.4.10 भूजल प्रबंधन और विनियमन : इस स्कीम के मुख्य उद्देश्य निम्नवत हैं :

- भूजल प्रबंधन अध्ययन करना;
- भूजल की संभावना वाले क्षेत्रों का पता लगाने के लिए ड्रिलिंग द्वारा सहायता प्राप्त भूजल अन्वेषण करना;
- देश के भूजल संसाधनों का आवधिक रूप से आकलन करना और प्रविधि को संशोधित/अद्यतन करना;
- भूजल प्रेक्षण कुओं के माध्यम से भूजल स्तरों और गुणवत्ता की निगरानी करना;
- क्षेत्र विशिष्ट आधारित प्रविधियों को विकसित/अद्यतन करने के लिए प्रदर्शनात्मक कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन अध्ययन करना;

- भूजल संबंधी आंकड़ों के भंडारण, प्रक्रमण और प्रचार-प्रसार के लिए आंकड़ा भंडारण और सूचना-प्रणाली स्थापित/अद्यतन करना;
- राज्य सरकारों की समन्वय से भूजल विकास को विनियमित और नियंत्रित करना;
- क्षमता वाले जलभृतों का पता लगाने और भूजल अन्वेषण और कृत्रिम पुनर्भरण इत्यादि संबंधी उपयुक्त स्थलों को विनिर्दिष्ट करने के लिए सतही और उप-सतही विधियों के माध्यम से भूभौतिकी अध्ययन करना;
- भूजल अध्ययनों के लिए बेंच मार्क प्रविधियों को स्थापित करने के दृष्टिकोण से राज्य सरकारों के साथ समन्वय करना;
- जागरूकता और जल गुणवत्ता संबंधी जानकारी को बढ़ावा देना;
- भूजल की बचत और बंटवारे के पहलूओं पर वैज्ञानिक संस्थाओं के साथ संपर्क विकसित करना;
- कृषि, औद्योगिक और संबद्ध प्रयोजनों संबंधी उपयोग सहित विभिन्न प्रकार के उपयोगों के लिए उपयुक्तता निर्धारित करने के वास्ते भूजल गुणवत्ता का आकलन करना;
- योजनाकारों और प्रशासकों द्वारा उपयोग किए जाने के लिए रिपोर्टें, नक्शे, भूजल एटलस और विवरणिकाएं तैयार करना।

1.4.11 राजीव गांधी प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान : इस स्कीम में भूजल संसाधनों की आयोजना, अन्वेषण, विकास, प्रबंधन, संवर्धन, संरक्षण और परिरक्षण के संबंध में भूजल कार्मिकों के ज्ञान और कौशल का संगठन और उन्नयन करने के लिए आधार उपलब्ध कराने संबंधी क्रियाकलाप शामिल होंगे ।

1.4.12 पगलादिया बांध परियोजना : इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य असम के नलबारी क्षेत्र में 40,000 हेक्टेयर क्षेत्र को पगलादिया नदी की बार-बार आने वाली बाढ़ से बचाने तथा वार्षिक रूप से (औसतन) 54,160 हेक्टेयर के सकल कमान क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बांध और नहर प्रणाली का निर्माण करना है । यह परियोजना आकस्मिक लाभ के रूप में नहर से छोड़े जाने वाले जल से 3 मेगावाट जल विद्युत भी उत्पन्न करेगी । पगलादिया बाँध परियाजना का कार्य जिरात सर्वेक्षण तथा राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण कार्य के पूर्ण न होने के कारण रोक दिया गया।

1.4.13 बाढ़ पूर्वानुमान : इस स्कीम का उद्देश्य भारत में बाढ़ पूर्वानुमान और अंतर्वाह पूर्वानुमान को सुदृढ़ करना और उसमें सुधार लाना तथा पूर्वानुमान सूचना प्रणाली को विकसित करना है ।

1.4.14 सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन क्रियाकलाप : अंतर्राष्ट्रीय नदियों के संबंध में शामिल अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों को ध्यान में रखते हुए नदी प्रबंधन क्रियाकलापों को क्रमबद्ध ढंग से प्राथमिकता के आधार पर नदी प्रबंधन संबंधी क्रियाकलाप शुरू करना आवश्यक है जिसमें जल वैज्ञानिक प्रेक्षण, अन्वेषण और जहां कहीं आवश्यक हो वहां पड़ोसी राज्यों के सहयोग से आवश्यक बाढ़ नियंत्रण उपाय शामिल हैं ।

1.4.15 फरक्का बैराज परियोजना : फरक्का बैराज परियोजना का मुख्य उद्देश्य "बैराज की सुरक्षा के लिए कटावरोधी उपायों सहित फरक्का बैराज और संबंधित संरचनाओं का प्रचालन और रखरखाव" है ।

अध्याय - II
परिव्ययों और परिणामों/लक्ष्यों का विवरण : वार्षिक योजना परिणाम 2010-11

(करोड़ रूपये)

क्र.सं	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम			मात्रात्मक सुपुर्दगियां/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/समय सीमा	अभ्युक्तियां
			योजना बजट	पूरक अतिरिक्त बजटीय संसाधन				
1	**2**	**3**	**4(i)**	**4(ii)**	**5**	**6**	**7**	**8**
1	जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास	(क) वाटरशेड एटलस का निर्माण और 1:50000 के पैमाने पर देश की वेब सक्षम जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास (ख) जल गुणवत्ता आकलन प्राधिकरण को सहायता उपलब्ध कराना और जल गुणवत्ता आकलन के लिए अभिज्ञात अध्ययनों/कार्यक्रम का कार्यान्वयन करना। (ग) प्रभावी जल प्रबंधन एवं इष्टतम उपयोग, विशेषकर जल की कमी वाले मौसम के दौरान, नीचे नदी में वर्फ के पिघलने से आने वाले जल के आकलन के	66.00	0.00	(क) जल संसाधन सूचना प्रणाली (डब्ल्यूआरआईएस) वेबसाइट का 30 जीआईएस परतों के साथ विस्तार/अद्यतन किया जाएगा। (ख) 878 जलवैज्ञानिक प्रेक्षण स्थलों के लिए आंकड़ों का प्रेक्षण और अन्य जल संबंधी आंकड़ों का एकत्रीकरण जारी रहेगा। (ग) हिम प्रेक्षण, जी एवं डी स्थलों पर दीर्घावधी आंकड़ों को एकत्र करना और स्नो मेल्ट रन ऑफ मॉडलों का विकास। (घ) निगरानी उद्देश्यों के लिए परियोजनाओं के विभिन्न दौरे। (ड) चौथी लघु सिंचाई	(क) बेसिनवार जल वर्ष पुस्तिका तैयार करना (ख) चौथी लघु सिंचाई गणना के लिए फील्ड आंकड़ों को एकत्र करना और इसका प्रक्रियान्वयन पूरा किया जाएगा। (ग) डब्ल्यूआरआईएस के लिए वेबसाइट का विस्तार/अद्यतन।	वर्ष भर कार्यकलाप को जारी रखा जाना है ।	

		यमुना एवं चेनाब बेसिन के लिए स्नो मेल्ट रन ऑफ मॉडल विकसित करना। (घ) जल गुणवत्ता आंकड़ों को एकत्र करना एवं उनका प्रकाशन (ड़) समग्र जल संसाधन आकलन के लिए जल वैज्ञानिक प्रेक्षण केन्द्रों के नेटवर्क से आंकड़े संग्रहीत करना और इनकी विशेषताओं के लिए इनका विश्लेषण करना (च) एआईबीपी एवं सीएडी परियोजनाओं सहित पूरे देश में चयनित चालू वृहद, मध्यम एवं ईआरएम सिंचाई परियोजनाओं की निगरानी (छ) चौथी लघु सिंचाई गणना			गणना के लिए फील्ड आंकड़ों को एकत्र करना और इसका प्रक्रियान्वयन पूरा किया जाएगा।			
2	जल विज्ञान परियोजना फेज-।।	13 राज्यों और 8 केन्द्रीय अभिकरणों में जल संसाधन आयोजना और प्रबंधन से संबंधित सभी कार्यान्वयन प्रयोक्ताओं द्वारा जल वैज्ञानिक सूचना प्रणाली के स्थायी और प्रभावी उपयोग को बढ़ाना और प्रोत्साहित करना ।	**53.00**	**0.00**	जलविज्ञान परियोजना फेज-।। के स्थान पर 4 मुख्य परामर्शियों की सहायता से परियोजना घटकों का कार्यान्वयन अर्थात नए राज्यों में पीडीएस सहित संस्थागत सुदृढ़ीकरण, ऊर्ध्वाधर विस्तार (जलवैज्ञानिक डिजाइन सहायक,	(क) कार्यान्वयन अभिकरणों के बीच विनिमय के लिए उन्नत आंकड़ा सुलभता (ख) एकीकृत जल संसाधन आयोजना तथा प्रबंधन के लिए उन्नत उपस्कर (ग) बाढ़ और सूखे के प्रबंधन के लिए उन्नत	केन्द्रीय अभिकरणों अर्थात जल संसाधन मंत्रालय, बीबीएमबी, सीडब्ल्यूसी,सीजी-डब्ल्यूबी, एनआईएच, सीडब्ल्यूपीआरएस, सीपसीबी और आईएमडी के माध्यम से परियोजना जून, 2012 तक कार्यान्वित की जायेगी ।	

					डीएसएस-आयोजना,डीएसएस-रीयल टाइम तथा 31 प्रयोजन मूलक अध्ययन) तथा क्षैतिज विस्तार	आंकड़ा प्रणाली तथा उपस्कर		
3	भूजल प्रबंधन और विनियमन	क) भूजल प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए एकीकृत भूजल प्रबंधन अध्ययन ख) वैज्ञानिक साधनों अर्थात दूरसंवेदी और जीआईएस का उपयोग करते हुए भूजल अन्वेषण, भूजल की संभावना वाले क्षेत्रों का पता लगाने के लिए ड्रिलिंग द्वारा सहायता प्राप्त भूभौतिकीय सर्वेक्षण ग) भूजल निगरानी केन्द्रों से भूजल स्तरों की निगरानी घ) केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों के लिए स्रोत अन्वेषण के वास्ते अल्पकालिक जल आपूर्ति अन्वेषण ड) योजनाकारों और प्रशासकों द्वारा उपयोग किए जाने के लिए रिपोर्ट, नक्शे तैयार किया जाना च) कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण सहित कृत्रिम पुनर्भरण	**100.00**	**0.00**	क) भूजल प्रबंधन अध्ययन- 1.50 लाख वर्ग किलोमीटर ख) भूजल अन्वेषण- 800 कुएं ग) भूभौतिकी सर्वेक्षण: वीईएस- 2000 वेल लागिंग- आवश्यकता आधारित (घ) भूजल निगरानी- 15,640 भूजल प्रेक्षण कुएं भूजल गुणवत्ता के आकलन का जलरसायनिक विशलेषण- 20,000 नमूने (ड) अल्पकालीन जल आपूर्ति अन्वेषण- आवश्यकता आधारित (च) 40 जिला जलवैज्ञानिक रिपोर्टें, 23 भूजल वार्षिक पुस्तिकाएं एवं 6 राज्य रिपोर्टें तैयार करना (छ) अभिज्ञात जोर दिए जाने वाले क्षेत्रों में भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण के लिए प्रदर्शनात्मक परियोजनाएं	सूची में दिए गए विभिन्न कार्यकलापों के माध्यम से एकत्रित किए गए आंकड़ों का उपयोग करते हुए अभिज्ञात जोर दिए जाने वाले क्षेत्रों में भूजल के वैज्ञानिक विकास एवं प्रबंधन को सुगम बनाना।	एक वर्ष, कृत्रिम पुनर्भरण अध्ययनों को छोड़कर जो 2-3 वर्ष तक जारी रहते है।	

		अध्ययन						
4	जल संसाधन विकास स्कीमों का अन्वेषण	सर्वेक्षण, क्षेत्र अवेषण कराना जल के अतबेसिन हस्तांतरण की स्कीमों सहित विभिन्न जल संसाधन विकास स्कीमों की पूर्व व्यवहार्यता/व्यवहार्यता रिपोर्ट एवं विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराना और उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आकस्मिक, पूरक अथवा प्रेरक समझे जाने वाले क्रियाकलापों तथा अन्य अध्ययन कराना।	**54.00**	**0.00**	(क) बेदती- वर्दा संपर्क, मानस- संकोष- तीस्ता- गंगा (एम-एस-टी-जी), जोगीघोपा- तीस्ता- फरक्का (एम-एस-टी-जी का वैकल्पिक), कोसी- मीही संपर्क, कोसी- घाघरा संपर्क, गंडक- गंगा संपर्क और नेत्रावती- हेमावती की व्यवहार्यता रिपोर्टें तैयार करने हेतु सर्वेक्षण एवं अन्वेषण (ख) पार्वती- कालीसिंध- चंबल संपर्क और महानदी- गोदावरी- कृष्णा- पेन्नार- कावेरी- वैगई- गुंडर संपर्क प्रणाली की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए संबंधित राज्यों के बीच सहमति बनाने की प्रक्रिया (ग) (i) पार- तापी- नर्मदा संपर्क एवं दमनगंगा- पिंजाल संपर्क (ii) पार्वती- कालीसिंध- चंबल संपर्क का सर्वेक्षण एवं अन्वेषण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना (घ) अंत:राज्य की व्यवहार्यता- पूर्व रिपोर्टें तैयार करना	(क) 5 संपर्कों की व्यवहार्यता रिपोर्ट (ख) एक परियोजना की डीपीआर	डीपीआर तैयार करने के लिए संबंधित राज्यों के बीच सहमति के लिए प्रयास किए जाने हैं। डीपीआर तैयार करने का कार्य जारी रहेगा।	

5	जल क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम	इस स्कीम में जल संसाधन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यकलाप शामिल हैं। ये कार्यकलाप अग्रणी अनुसंधान संस्थानों द्वारा जल विज्ञान, हाइड्रोलिक्स, मृदा और सामग्री विज्ञान, अर्थात एनआईएच, सीडब्ल्यूपीआरएसऔर सीएसएमआरएस तथा सीडब्ल्यूसी द्वारा कार्यान्वित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों के परिणाम से सिंचाई प्रणाली की दक्षता में सुधार, जल संसाधन परियोजना में जोखिम/नुकसान में कमी, परियोजना की आर्थिक डिजाइन तथा नई/उन्नत प्रौद्योगिकी का विकास होगा।	**54.00**	**0.00**	इस स्कीम के कार्यान्वयन से क्षमता निर्माण तथा अतिरिक्त सुविधाओं के सृजन में मदद मिलेगी। अनुसंधान परिणाम सामान्यत: तकनीकी रिपोर्ट एवं अनुसंधान कागजातों के रूप में होते हैं जिसमें आयोजना एवं डिजाईन की उन्नत तकनीकों की सिफारिशें होती हैं। मात्रात्मक सुपुर्दगियां निम्न हैं: (क) अनुसंधान रिपोर्टें = 295(ख) अनुसंधान कागजात = 250(ग) प्रशिक्षण कार्यशालाएं = 30	(क) 545 रिपोर्टों/शोध पत्रों को अंतिम रूप देना और (ख) 30 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन	मंत्रालय के विभिन्न संगठनों द्वारा कार्य को कार्यान्वित किया जाना है।	
6	राष्ट्रीय जल अकादमी	जल संसाधन आयोजना को, विकास और प्रबंधन में सेवारत इंजीनियरों / शामिल इंजीनियरों को प्रशिक्षण	**4.00**	**0.00**	35 प्रशिक्षण कार्यक्रम	35 प्रशिक्षण कार्यक्रम मार्च, 2011 तक पूरे किए जाने हैं।		
7	राजीव गांधी राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान	सीजीडब्ल्यूबी और अन्य केन्द्रीय/राज्य सरकार के संगठनों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भूजल पहलुओं पर	**6.00**	**0.00**	19 प्रशिक्षण कार्यक्रम	19 प्रशिक्षण कार्यक्रम मार्च, 2011 तक पूरे किए जाने हैं।		

		प्रशिक्षण						
8	सूचना शिक्षा और संचार	जल के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में लोगों के बीच जानकारी सृजित करना।	**15.00**	**0.00**	(क) इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से प्रचार (ख) कार्यशालाओं/ सेमिनारों में गठन और भागीदारी (ग) समाचार पत्रों, पत्रिकाओं आदि में आवधिक विज्ञापनों सहित प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचार (घ) प्राय: देखे जाने वाले प्रसिद्ध स्थानों जैसे प्रगति मैदान आदि में प्रदर्शनी लगाना (ड़) डकुमेंटरी, छोटी फिल्में, आडियो/वीडियों स्पाट बनाना । (च) विश्ेंष दिनों अर्थात विश्व जल दिवस मनाया।	ये क्रियाकलाप जल संरक्षण एवं जल संचयन पर जोर देते हुए जल संसाधन क्षेत्र के बारे में जन जागरूकता बढाएगा	पूरे वर्ष कार्यकलाप चलाये जाएंगे	
9	पगलादिया बांध परियोजना	बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और अनुषंगी विद्युत उत्पादन	**0.50**	**0.00**	जिरात सर्वेक्षण पूरा किए जाने के बाद निर्माण पूर्व क्रियाकलाप शुरू करने के लिए केवल टोकन प्रावधान किया गया है।		ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा क्रियाकलाप कार्यान्वित किए जाने हैं।	टोकन प्रावधान
10	फरक्का बैराज परियोजना	(क) पोषक नहर, जांगीपुर बैराज आदि सहित फरक्का बैराज परियोजना और इसके अनुषंगी संरचनाओं का रखरखाव (ख) मुख्य बैराज के किनारे नदी को नियंत्रित करने के लिए गंगा नदी और इसकी वितरिकाओं से लगे तटबंधों की सुरक्षा के	**82.00**	**0.00**	(क) पोषक नहर, जांगीपुर बैराज आदि सहित फरक्का बैराज परियोजना और इसके अनुषंगी संरचनाओं का रखरखाव जो कि एक जारी कार्यकलाप है और स्पेयर गेटों का अधिप्राप्ति आदि। (ख) एफबीपी के बढ़े हुए अधिकार क्षेत्र में गंगा-पदमा नदी के साथ-साथ	फरक्का और जांगीपुर बैराजों/गेटों का प्रचालन एक जारी रहने वाला क्रियाकलापों। कटाव नियंत्रण कार्यों से भूमि, फसलों, भवनों आदि को बचाया जाएगा जो प्रतिवर्ष उच्च बाढ़ के कारण कटाव से प्रभावित होती है।	फरक्का बैराज परियोजना द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले अभिज्ञात क्रियाकलाप। क्रियाकलाप वर्ष भर जारी रहेंगे।	

		लिए कटावरोधी कार्य			फरक्का बैराज के 40 किमी प्रति प्रवाह से 80 किमी अनुप्रवाह तक कटाव नियंत्रण कार्य शुरू किए जाएंगें।	टीएसी द्वारा चालू कार्यों के अतिरिक्त 5 नए कटावरोधी कार्यों के अनुशंसा की है जिन्हें 2010-11 के दौरान किया जाना है।		
11	बांध सुरक्षा अध्ययन और आयोजना	(क) बांध सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन सिंधु और कृष्णा बेसिन तथा गंगा और ब्रहमपुत्र बेसनिों के लिए पीएमपी एटलस तैयार करना और उनका डिजिटीकरण और डीएएआरपी के तहत तैयार किए गए एटलसों का उन्नयन । (ग) यंत्रीकरण प्रदर्श्न केन्द्र का गठन (घ) बांध सुरक्षा कार्यकलापों पर विशेष प्रयोजन पैकजों का प्रशिक्षण और विकास	**1.50**	**0.00**	(क) यंत्रीकरण प्रदर्शन केंद्र के लिए नमूनों/निर्धारित स्थलों का अधिप्राप्ति (ख) सामान्यीकृत पीएमपी एटलसें तैयार करना और उनका डिजिटीकरण। गंगा बेसिन, ब्रह्मपुत्र बेसिन के लिए परामर्शदाता और पीएमपी एटलसों का अद्यतन			
12	नदी बेसिन संगठन/ प्राधिकरण		**0.50**	**0.00**	मामले को राज्य सरकार के साथ उठाया जाना है। राज्य सरकारों की सहमति का अनुरोध करने के बाद क्रियाकलापों को शुरू करने के लिए केवल टोकन प्रावधान किया गया है।		परिणाम राज्य सरकारों की सहमति पर निर्भर करता है।	टोकन प्रावधान
13	बाढ़ पूर्वानुमान	स्थानीय प्रशासन को 175 केन्द्रों पर समय से पूर्वानुमान प्रदान करने के	**36.00**	**0.00**	वास्तविक समय आंकड़ों का संग्रह, इसका विश्लेषण और बाढ़	बाढ़ से होने वाली क्षति को कम करने के लिए आयोजना गतिविधियों	कार्य को वर्ष 2010-11 के दौरान केंद्रीय जल आयोग द्वारा कार्यान्वित	

		लिए 20 नदी बेसिनों को शामिल करते हुए केन्द्रीय जल आयोग द्वारा देशभर में जल वैज्ञानिक प्रेक्षण स्थलों के नेटवर्क का रखरखाव करना।			पूर्वानुमान जारी करना। प्रत्येक वर्ष लगभग 6000 बाढ़ पूर्वानुमान जारी किये जाते हैं।	में मदद करने की दृष्टि से आने वाली बाढ़ की अग्रिम चेतावनी । 2010-11 के दौरान 99 टेलीमेट्री केंद्रों की संस्थापना का कार्यक्रम है।	किया जाएगा।	
14	नदी प्रबंधन गतिविधियां और सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित कार्य	साझी/सीमावर्ती नदियों पर नदी प्रबंधन कार्यों के अतिरिक्त पड़ोसी देशों के साथ जल संसाधन परियोजनाओं एवं जल वैज्ञानिक प्रेक्षण और अन्वेषण । ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा बाढ़ नियंत्रण, कटावरोधी एवं जल निकास विकास कार्य। कोसी एवं गंडक परियोजनाओं (नेपाल में) के बाढ़ सुरक्षा कार्यों का रखरखाव	**199.00**	**0.00**	(i) बंगलादेश के साथ गंगा नदी पर संयुक्त जल वैज्ञानिक प्रेक्षण जारी रखना, एवं (ii) संयुकत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी (iii)माजुली द्वीप समूह काकटाव-रोधी एवं बाढ़ सुरक्षा कार्य (iv) पड़ोसी देशों से/को बाढ़ संबंधी आंकड़ों का संप्रेषण (v) साझी/ सीमा नदियों पर विकास कार्य ।	बार-बार आने वाली बाढ़ समस्याओं को करना। वर्ष 2010.11 के दौरान 20 स्थलों पर भारत बंगलादेश सीमा पर तट संरक्षण कार्य किए जाएंगे । ये कार्य त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल क्षेत्र में हैं ।	इसे सीडब्ल्यूसी, जीएफसीसी, ब्रह्मपुत्र बोर्ड और बिहार, उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और जम्मू एवं कश्मीर की राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।	*नेपाल के क्षेत्र में कार्यों की प्रगति नेपाल द्वारा सहयोग पर निर्भर करेगी।
15	अवसंरचना विकास	जल संसाधन मंत्रालय एवं इसके संबद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों भूमि एवं इमारत की व्यवस्था एवं जल संसाधन मंत्रालय, केन्द्रीय जल आयोग एवं केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड में आईटी प्लान का कार्यान्वयन ।	**28.50**	**0.00**	(क) केन्द्रीय जल आयोग एवं सीजीडब्ल्यूबी के लिए कार्यालय एवं आवासीय इमारतों का निर्माण एवं अन्य गतिविधियां (ख) सीडब्ल्यूसी, सीजीडब्ल्यूबी और मंत्रालय (खास) के लिए हार्डवेयर, साफ्टवेयर की अधिप्राप्ति और एक रूप वेब सक्षम सूचना एवं प्रबंधन प्रणाली का विकास	इन क्रियाकलापों से कार्य के वातावरण में गुणवत्तापरक वृद्धि होगी जिससे कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।	ये गतिविधियां केन्द्रीय जल आयोग, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड और जल संसाधन मंत्रालय के अन्य संगठनों द्वारा कार्यान्वित की जानी है ।	
16	कमान क्षेत्र	किसानों की सामाजिक-	***499.00**	**0.00**	(क) 3.5 लाख हेक्टेयर के	सृजित क्षमता एवं	प्रगति राज्यों से प्राप्त	

	विकास और जल प्रबंधन कार्यक्रम	आर्थिक दशा सुधारने के लिए जल उपयोग दक्षता एवं प्रति इकाई भूमि से फसल का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से किसानों के खेतों तक सिंचाई जल की पर्याप्त वितरण प्रणाली विकसित करना			कृष्य कमान क्षेत्र (सीसीए) में ओएफडी कार्य (फील्ड चैनल एवं भूमि समतलीकरण क्षेत्र सीमाओं को आकृति एवं पुन: संरेखन करना) (ख) 1.4 लाख हेक्टेयर के सीसीए में फील्ड, मध्यम एवं संपर्क वाहिकाएं (ग) 0.26 लाख हेक्टेयर के सीसीए में 4.25 क्यूमेक तक की क्षमता वाली प्रणालियों में प्रणालीगत कमियों में सुधार।	प्रयुक्त क्षमता के बीच का अंतर समाप्त करना ।	होने वाले प्रस्ताव और राज्यों द्वारा समय पर निधि का उपयोग करने पर निर्भर करेगी।	
17	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम	(क) अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित करने एवं (ख) इन परियोजनाओं से परिकल्पित लाभ लेने की दृष्टि से निर्माण की अंतिम अवस्था में चल रही सिंचाई/बहुउद्देश्यीय परियोजनाओं को पूरा करना जो कि राज्य सरकार की इन्हें समयबद्ध रूप से पूरा करने में संसाधन क्षमता से परे हैं ।	**9200.00**	**0.00**	एआईबीपी के तहत सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 9.5 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित करना और 15 वृहद, मध्यम एवं ईआरएम सिंचाई परियोजनाओं और 800 लघु सिंचाई स्कीमों को पूरा करना।	(क) एआईबीपी से सहायता प्राप्त वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं में 7.5 लाख हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता का सृजन (ख) एआईबीपी से सहायता प्राप्त लघु सिंचाई परियोजनाओं में 2.0 लाख हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता का सृजन	प्रगति राज्यों से प्राप्त होने वाले प्रस्ताव और राज्यों द्वारा समय पर निधि का उपयोग करने पर निर्भर करेगी।	
18	जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरूद्धार	जल निकायों की भंडारण क्षमता को बहाल करना और संवर्धन करना और उनकी सिंचाई क्षमता को पुन: प्राप्त करना और बढ़ाना, कृषि/उद्यान कृषि	**600.00**	**0.00**	(क) तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उड़ीसा में विश्व बैंक से सहायता प्राप्त परियोजनाओं संबंधी कार्य जारी रहेंगे और घरेलू	1500 जलनिकायों संबंधी कार्य पूरी तरह से पूरे कर लिए जाएंगे।	प्रगति राज्यों से प्राप्त होने वाले प्रस्ताव और राज्यों द्वारा समय पर निधि का उपयोग करने पर निर्भर करेगी।	

		उत्पादकता में सुधार।			सहयोग से स्कीम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को सहायता उपलब्ध करायी जाएगी (ख) स्कीम, जैसे और जब पूरी की जाएगी, के निष्पादन का मूल्यांकन			
19	बांध पुन:स्थापना तथा सुधार कार्यक्रम		**1.00**	**0.00**			यह एक बाह्य सहायता प्राप्त स्कीम है और इसे विश्व बैंक के साथ समझौते के बाद कार्यान्वित किया जाएगा।	टोकन प्रावधान
20	बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम	देश में गंभीर क्षेत्रों में नदी प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, कटावरोधी, जल विकास निकास, बाढ़ रोधी कार्यों के लिए विभिन्न राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।	**1199.00**	**0.00**	(क) गंभीर क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंध कार्य (ख) गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिन राज्यों के संबंध में बाढ़ प्रबंधन और कटाव नियंत्रण पर कार्यबल-2004 द्वारा सुझाए गए कटावरोधी कार्य, जल निकास विकास कार्य आदि (ग) तटवर्ती राज्यों में तटीय कटाव संबंधी कार्य। (घ) चुनिंदा खंडों में नदी सेक्शनों की गाद हटाना/खुदाई।	(क) इन क्रियाकलापों से बाढ़, नदी तट कटाव और तटीय कटाव के कारण होने वाली क्षति में कमी लाने में सहायता मिलेगी (ख) 150 एफएमपी सहायता प्राप्त बाढ़ प्रबंधन कार्य पूरे किए जाएंगे।	प्रगति राज्यों से प्राप्त होने वाले प्रस्ताव और राज्यों द्वारा समय पर निधि का उपयोग करने पर निर्भर करेगी।	व्यय में रूझान राज्यों द्वारा पूर्व में जारी की गई निधि के उपयोग पर निर्भर करेगा।
		कुल	**12199.00**	**0.00**				
	***1.00 करोड़ रूपए प्रस्तावित भूजल संबंधी नई स्कीम के लिए।**							

अध्याय- III

सुधार संबंधी उपाय और नीतिगत पहल

3.1 वर्ष 2009-10 के दौरान अंतर्राज्य जल विवादों के मसाधान के लिए निम्नलिखित अभिकरण स्थापित किया गया था।

(क) उड़ीसा और आंध्र प्रदेश राज्यों के बीच वंशधारा नदी जल विवाद का अधिनिर्णय करने के लिए वंशधारा नदी जल विवाद अभिकरण स्थापित किया गया है।

(ख) कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र राज्यों के बीच महादायी नदी जल विवाद का अधिनिर्णय करने के लिए सरकार ने 10-12-2009 को ट्रिब्यूनल के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

3.2 बाँध सुरक्षा अधिनियम को अधिनियमित करने के लिए कार्यवाही शुरू हो गई है। जिससे देश के बाँधों को समुचित पर्यवेक्षण अन्वेषण, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए परिक्रियाएँ आरंभ की गई हैं।

3.3 जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत और आस्ट्रेलिया सरकार के बीच समझौता ज्ञापन 10 नवंबर, 2009 को हस्ताक्षरित किया गया, जिसकी वैधता 5 वर्ष है।

3.4 सिंचाई अंतर्राष्ट्रीय आयोग का 5वाँ ए सी आई क्षेत्रीय सम्मेलन और 60 वीं अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद् की बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। ए सी आई क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्देश्य "प्रौद्योगिकी उन्नयन और बेहतर परिचालन और अनुरक्षण के माध्यम से सिंचाई परियोजना की क्षमता में सुधार था।"

3.5 भारत और बांग्लादेश के बीच सामान्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सचिव स्तरीय बैठक की गई और दोनों तरफ सामान्य सीमा क्षेत्र नदियों अर्थात् नागर, पुनर्भावा, अटराई, महानंदा, काराटोया, फेनी, कुलिक और धालाई पर तट सुरक्षा कार्यों को करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। बांग्लादेश सरकार इच्छामती नदी की समान सीमा पर तलकर्षण कार्य को निष्पादित करने में और त्रिपुरा के सबरोम कस्बे में तत्काल पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं के निष्पादन को आपसी सहयोग से निष्पादित करने के लिए सहयोग करने के लिए भी सहमत हो गई है।

3.6 नदियों को आपस में जोड़ने का कार्यक्रम :- अंतर्राज्यीय संपर्कों के विस्तृत परियोजना रिपोर्टों को तैयार करने के कार्यों को शामिल करने के लिए एनडब्ल्यूडीए समिति के कार्यों के सुधार के लिए प्रस्ताव को एनडब्ल्यूडीए समिति ने स्वीकार कर लिया है। इस पर अब अनुमोदन के लिए ईएफसी और मंत्रिमंडल द्वारा कार्यवाई की जाएगी।

अध्याय - IV

विगत निष्पादन की समीक्षा

4.1 वर्ष 2008-09 के दौरान निष्पादन तथा 2009-10 के निष्पादन (पहले निर्धारित लक्ष्यों के संबंध में) संबंधी संगत सूचना **अनुलग्नक -I** और **अनुलग्नक - II पर दी गई है।**

4.2 इस मंत्रालय का एक मुख्य कार्यक्रम 'त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम' है। इसके ब्यौरे **अनुलग्नक - III** में दिये गये हैं।

अध्याय - V

समग्र वित्तीय समीक्षा

5.1 XIवीं योजना परिव्यय सहित जल संसाधन मंत्रालय बजट (निधि के स्कीमवार आबंटन की तुलना में व्यय की प्रवृत्ति) के ब्यौरे **अनुलग्नक - IV** पर दर्शाये गये हैं।

वित्त वर्ष 2009- 10 में व्यय का रूझान :

5.2 वर्ष 2009-10 के लिए इस मंत्रालय की वार्षिक योजना के लिए बजट प्राक्कलन 600.00 करोड़ रूपये है जिसे वित्त मंत्रालय द्वारा संशोधित प्राकलन में कम करके 540.00 करोड़ रूपये कर दिया गया था। लेखा नियंत्रक के कार्यालय से प्राप्त व्यय संबंधी ब्यौरे के अनुसार, जनवरी, 2010 तक 372.52 करोड़ रूपये का व्यय किया गया है जो 09-10 के बजट प्राक्कलन/संशोधित प्राक्कलन के संबंध में क्रमश: 62.09% और 68.99% होता है।

5.3 वित्त वर्ष 09-10 के लिए जल संसाधन मंत्रालय का अनुदान 4 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जाता है विभिन्न क्षेत्रों के तहत जनवरी, 2010 तक अनुमोदित योजना परिव्यय (ब.प्रा./सं.प्रा. दोनो) तथा व्यय का क्षेत्रवार वितरण संक्षेप में इस प्रकार है:

(रूपये करोड में)

क्षेत्र	**ब.प्रा. 2009-10**	**सं.प्रा. 2009-10**	**जनवरी, 2010 तक व्यय**
वृहद एवं मध्यम सिंचाई	219.20	189.20	130.28
लघु सिंचाई	76.00	76.50	51.81
बाढ़ नियंत्रण	234.80	204.30	127.16
परिवहन क्षेत्र	70.00	70.00	60.60
स्थानान्तरण के लिए प्रविष्टि प्रतीक्षित	0.00	0.00	2.67
कुल	**600.00**	**540.00**	**372.52**

बजट एक झलक

5.4 जल संसाधन क्षेत्र में, केन्द्रीय बजट से जल संसाधन मंत्रालय और इसके संबद्ध संगठनों को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अनिवार्यता स्कीमों, परियोजनाओं और कार्यक्रमों जो अनिवार्यता होते हैं उनके समग्र मार्गदर्शन और समन्वय की भूमिका निभाने में सहयोग मिलता है। फरक्का बैराज परियोजना केवल ऐसी परियोजना है जो कि मुख्यत: नौवहन परियोजना है, परन्तु यह मंत्रालय के अधीन है क्योंकि इसमें कौशल और विविध क्षेत्र शामिल होते हैं और यह मंत्रालय के क्षेत्र के भीतर अन्य हाइड्रोलिक परियोजनाओं की भांति है। जल संसाधन विकास के संबंध में मंत्रालय की भूमिका आयोजना, मार्गदर्शन, नीतिनिरूपण और सहायता की होती है।

5.5 चंकि 'जल' राज्य का विषय है इसलिए केन्द्र की भूमिका अनिवार्यत: कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में उत्प्रेरक स्वरूप की होती है। इसलिए केन्द्र सरकार बजट को विभिन्न राज्य सरकारों के बजटों में प्रदान की गई निधियों द्वारा बढ़ावा दिया जाता है।

5.6 मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजना स्कीमें निम्नानुसार है :

केन्द्रीय क्षेत्र

1. जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास
2. जल विज्ञान परियोजना
3. जल संसाधन विकास का अन्वेषण
4. अनुसंधान और विकास कार्यक्रम
5. राष्ट्रीय जल अकादमी
6. सूचना, शिक्षा और संचार
7. बांध सुरक्षा अध्ययन और आयोजना
8. नदी बेसिन संगठन/प्राधिकरण
9. भूमि जल प्रबंधन और विनियमन
10. राजीव गांधी एनजीडब्ल्यूटीएण्डआरआई
11. बाढ़ पूर्वानुमान
12. नदी प्रबंधन कार्यकलाप और सीमावर्ती नदियों से सवंबंधित कार्य
13. पगलादिया बांध परियोजना
14. अवसंरचना विकास
15. फरक्का बैराज परियोजना

राज्य क्षेत्र स्कीमें

16. त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम
17. जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरूद्धारा
18. बांध पुनर्वास और सुधार कार्यक्रम
19. बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम
20. कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम

5.7 पिछले-2 वर्षों में आबंटित और व्यायत बजट दर्शाने वाली व्यापक तालिक तालिका-क और ख में दी गई है । विभिन्न क्षेत्रों (तालिका क) के बीच निधि के आबंटन और जिस रूप में मंत्रालय का व्यय हुआ है (तालिका ख) के संबंध में मंत्रालय के बजट में उल्लेख किया गया है ।

5.8 बकाया उपयोग प्रमाण पत्रों के संबंध में ब्यौरा तालिका ग में दिया गया है

तालिका - क

बजट एक दृष्टि में

(क्षेत्रवार)

(रूपये करोड़ में)

क्र. सं.	क्षेत्र/संगठन/ स्कीम	वास्तविक 2008-09		ब.प्रा. 2009-10		सं.प्रा. 2009-10		ब.प्रा. 2010-11		कुल ब.प्रा. 2010-11
		योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	योजना	गैर-योजना	
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.
I	**सचिवालय आर्थिक सेवाएं**									
1.	जल संसाधन मंत्रालय (खास)	0.00	21.74	0.00	21.00	0.00	29.16	0.00	24.52	24.52
2.	रावी-व्यास जल अधिकरण	0.00	0.82	0.00	0.80	0.00	1.09	0.00	1.04	1.04
3.	कावेरी जल विवाद अधिकरण	0.00	1.41	0.00	1.60	0.00	2.31	0.00	1.93	1.93
4.	कृष्णा जल विवाद अधिकरण	0.00	1.45	0.00	1.40	0.00	1.80	0.00	1.76	1.76
5.	वंशधारा जल विवाद अधिकरण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	2.00	2.00
	कुल : सचिवालय आर्थिक सेवाएं	**0.00**	**25.42**	**0.00**	**24.80**	**0.00**	**34.36**	**0.00**	**31.25**	**31.25**
II	**वृहद एवं मध्यम सिंचाई**									
	केन्द्रीय जल आयोग									
1.	निर्देशन एवं प्रशासन	0.00	20.05	0.00	23.00	0.00	25.24	0.00	20.90	20.90
2.	आंकड़ा संग्रह	0.00	65.42	0.00	69.22	0.00	74.21	0.00	65.13	65.13
3.	प्रशिक्षण	0.00	0.49	0.00	0.65	0.00	0.39	0.00	0.32	0.32
4.	अनुसंधान	0.00	1.33	0.00	1.60	0.00	2.78	0.00	1.84	1.84
5.	सर्वेक्षण एवं अन्वेषण	0.00	7.74	0.00	4.50	0.00	6.21	0.00	5.03	5.03
6.	परामर्शी	0.00	20.75	0.00	20.00	0.00	23.70	0.00	18.84	18.84
7.	अंतर्राष्ट्रीय निकायों को अंशदान									
8.	जल पर जल संसाधन संबंधी सेमिनार एवं सम्मेलन	0.00	0.01	0.00	0.01	0.00	0.02	0.00	0.01	0.01
